संख्या–cm-328
24/06/2020

मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिला अंतर्गत जयनगर तटबंध, कमला वियर प्वाइंट एवं नरुवार तटबंध का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

बराज में परिवर्तित होगा कमला वियर :– मुख्यमंत्री

- कमला वियर प्वाइंट का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण। जल संसाधन मंत्री, जल संसाधन विभाग के सचिव एवं जल संसाधन विभाग के वरीय अभियंताओं के साथ विचार–विमर्श के बाद मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश– बराज में परिवर्तित होने से सिंचाई क्षमता में होगी भारी वृद्धि।

- कमला वियर के बराज में परिवर्तित होने से इस कमांड क्षेत्र में 23,788 एकड़ में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित होगी, इससे किसानों को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो पायेगी, जिससे इस क्षेत्र के किसानों का आर्थिक विकास तेजी से होगा।

- नेपाल सीमा पर स्थित जयनगर में 1.3 किलोमीटर प्वाइंट, 1.4 किलोमीटर प्वाइंट तटबंध के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने तटबंध को और ऊँचा करने के साथ–साथ तटबंधों की मजबूती के लिए आयरन सीट पायलिंग का निर्देश दिया।

- कमला बलान नदी के नरुवार तटबंध निर्माण कार्य के अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि नरुवार तटबंध में स्टील सीट पायलिंग कराए जाने से तटबंध को मजबूती मिलेगी और अगल–बगल के बसावट को सुरक्षा मिलेगी।

- मुख्यमंत्री ने नरूवार तटबंध के आसपास पर्याप्त मात्रा में मिट्टी भराई करने का निर्देश दिया ताकि तटबंध को और मजबूती मिल सके।

- जिलाधिकारी मधुबनी ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि पिछले वर्ष नरुवार तटबंध के टूटने से बगल के गाँव के मकानों की क्षतिपूर्ति राशि प्रभावित लोगों को दे दी गयी है और वहां उपस्थित ग्रामीणों ने क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त होने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि प्राप्त क्षतिपूर्ति राशि का उपयोग कर अपने मकान के निर्माण/मरम्मति का कार्य शीघ्र करें।

- तटबंधों की मजबूती का कार्य शीघ्र पूरा करें तथा तटबंधों की सुरक्षा के लिए अधिकारी/अभियंता विशेष सतर्कता बरतें। सभी तटबंधों के महत्वपूर्ण/स्ट्रैटिजिक स्थानों पर बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का भंडारण पर्याप्त मात्रा में रखें ताकि बाढ़ निरोधात्मक कार्य सुचारू रूप से हो सके।

पटना, 24 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मधुबनी जिला अंतर्गत जयनगर तटबंध, कमला वियर प्वाइंट एवं नरुवार तटबंध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

कमला वियर प्वाइंट के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने जल संसाधन मंत्री, जल संसाधन विभाग के सचिव एवं जल संसाधन विभाग के वरीय अभियंताओं के साथ विचार–विमर्श के बाद निर्देश दिया कि कमला वियर को बराज में परिवर्तित करने का प्रस्ताव दें। उन्होंने कहा कि कमला वियर के बराज में परिवर्तित होने से सिंचाई क्षमता में भारी वृद्धि होगी एवं इस क्षेत्र के किसानों को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो पायेगी।

ज्ञातव्य है कि कमला वियर के बराज में परिवर्तित होने से इस कमांड क्षेत्र में 23,788 एकड़ में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित होगी, इससे किसानों को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो पायेगी, जिससे इस क्षेत्र के किसानों का आर्थिक विकास तेजी से हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने नेपाल सीमा पर स्थित जयनगर में 1.3 किलोमीटर प्वाइंट, 1.4 किलोमीटर प्वाइंट तटबंध के निरीक्षण के दौरान तटबंध को और ऊँचा करने के साथ–साथ तटबंधों की मजबूती के लिए आयरन सीट पायलिंग का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कमला बलान नदी के नरुवार तटबंध निर्माण कार्य के अवलोकन के क्रम में कहा कि नरुवार तटबंध में स्टील सीट पायलिंग कराए जाने से तटबंध को मजबूती मिलेगी और अगल–बगल के बसावट को सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने नरूवार तटबंध के आसपास पर्याप्त मात्रा में मिट्टी भराई करने का निर्देश दिया ताकि तटबंध को और मजबूती मिल सके।

जिलाधिकारी मधुबनी ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि पिछले वर्ष नरुवार तटबंध के टूटने से बगल के गाँव के मकानों की क्षतिपूर्ति राशि प्रभावित लोगों को दे दी गयी है। वहां उपस्थित ग्रामीणों ने क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त होने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि प्राप्त क्षतिपूर्ति राशि का उपयोग कर अपने मकान के निर्माण/मरम्मति का कार्य शीघ्र करें।

मुख्यमंत्री ने तटबंधों की मजबूती का कार्य शीघ्र पूरा करने तथा तटबंधों की सुरक्षा के लिए अधिकारियों एवं अभियंताओं को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी तटबंधों के महत्वपूर्ण/स्ट्रैटिजिक स्थानों पर बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का भंडारण पर्याप्त मात्रा में रखने का निर्देश दिया ताकि बाढ़ निरोधात्मक कार्य सुचारू रूप से हो सके।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री अरूण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी मधुबनी श्री नीलेश देवड़े सहित जल संसाधन विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी/अभियंतागण उपस्थित थे।

******